तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 प्रतिबंध के बावजूद जिले में धधक रहे लाल ईंट के अवैध भट्ठे...



10 दुर्ग जिले के 514 पीडीएस दुकानों में राशन ...




## खबर संक्षेप

### हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन रोड के पास गौठान के सामने, कोसानगर में युवक अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर धमका रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम कोसा नगर सुपेला निवासी राकेश सोना बताया है। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरहापुर नर्सरी के पास अवैध शराब के साथ ग्राम शिवकोकड़ी लिटिया सेमरिया निवासी कुमार निषाद को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 35 शोले प्लेन देशी शराब कुल 6.300 लीटर जब्त किया। जिसकी कीमत 2,800 रुपए आंकी गई है।

### जलाराम लॉज की आड़ में चल रहा था देह व्यापार का कारोबार, गिरफ्तार



**भिलाई।** जलाराम लॉज और आइसक्रीम पार्लर की आड़ में देह व्यापार का कारोबार करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने लॉज संचालक विजय गुजराती सहित अन्य दो पुरूष व तीन युवतियों को हिरासत में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि जलाराम लॉज व उसके आईस्क्रीम पार्लर में लड़कियां रखकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की तीन गाड़ियां आइसक्रीम पार्लर पहुंची। वहां पुलिस को देख अचानक पार्लर में हडकंप मच गया। पुलिस ने तुरंत पूरे परिसर को घेर लिया। इसके बाद वहां तलाशी ली गई तो चौकाने वाली चीजें मिलीं। जिस लॉज में कार्रवाई हुई है उसके नीचे जलाराम लॉज नाम से दुकान संचालित थी। उसके संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# भूमिपूजन के तीन साल बाद भी नहीं बनी 19.73 लाख की सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत बेरला ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनियारी में स्वीकृत 19.73 लाख की सीसी रोड का निर्माण भूमिपूजन के 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है। 16 अगस्त 2023 को तत्कालीन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने देवरबीजा में इसका भूमिपूजन किया था।

जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने इसे भ्रष्टाचार करार देते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। 16 अगस्त 2023 को पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने ग्राम पंचायत देवरबीजा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया था। इसी कार्यक्रम में मंडी बोर्ड सीसी रोड के लिए 9 लाख और हाट बाजार के लिए 41 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया। साथ ही 152.14 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ, जिसमें सुगम सड़क योजना के तहत कोदवा सीसी रोड के लिए 19.73 लाख, मनियारी सीसी रोड के लिए 19.73 लाख, साहू समाज भवन निर्माण के लिए 5 लाख व कुमारी देवी चौबे खेल मैदान में मिनी स्टेडियम व व्यवसायिक परिसर हेतु 107.68 लाख रुपये शामिल हैं।

## मनियारी में सड़क योजना का कार्य अधूरा, अनियमितता के आरोप



### 'दस्तावेज पीडब्ल्यूडी विभाग के पास, फिर भी सड़क गायब'

सूचना बोर्ड और विभागीय दस्तावेजों के अनुसार लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनियारी में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सीसी रोड बननी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमिपूजन और सूचना बोर्ड लगाने के बाद भी आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने कहा कि मनियारी के लोगों की सालों पुरानी मांग पर सड़क स्वीकृत हुई। पूर्व मंत्री ने भूमिपूजन भी कर दिया। लेकिन 3 साल में एक ईंट तक नहीं लगी। आखिर 19.73 लाख की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई या आसमान निगल गया? ग्रामीणों का कहना है कि सूचना बोर्ड लगाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। लगातार जांच की मांग के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग बेमेतरा चुप है। मामले में लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के कार्यपालन अभियंता से संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि राशि का उपयोग कहां हुआ, इसकी जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए।

### मौसम : अच्छी बारिश का इंतजार, बुआई पर लगा ब्रेक

# अल्पवर्षा से पिछड़ी खेती, आषाढ़ से जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इस बार मौसम का मिजाज किसानों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। जेठ माह समाप्ति की ओर है, लेकिन मानसून की सक्रियता अब तक नजर नहीं आई है। लगातार अल्पवर्षा के कारण खेती-किसानी पिछड़ती जा रही है। खेत तैयार हैं, बीज और खाद की व्यवस्था भी हो चुकी है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से अधिकांश किसान बुआई शुरू नहीं कर पाए हैं।

दूसरी ओर तापमान में भी खास गिरावट नहीं आई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे उमस और गर्मी से लोग परेशान हैं। 1 जुलाई से आषाढ़ माह का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे में किसानों के साथ-साथ आम लोगों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि आषाढ़ के साथ मानसून सक्रिय होगा और अच्छी बारिश होने से खेतों में बुआई का काम तेजी से शुरू हो सकेगा। जानकारी के अनुसार इस वर्ष अधिक मास होने के कारण जेठ माह 2 मई से प्रारंभ हुआ था, जबकि 12 मई से 15 जून तक अधिक ज्येष्ठ रहा। नौतपा समाप्त होने के बाद से ही किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार था, लेकिन अब तक केवल छिटपुट वर्षा ही हुई है। इससे खेती का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया है। जिन किसानों ने खेतों की जुताई और प्रारंभिक तैयारियां समय से पूरी कर ली थीं, वे अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

#### बुआई में हो रही देरी, बढ़ी किसानों की चिंता

जिले में धान आधारित खेती बड़े पैमाने पर होती है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से धान की बुआई शुरू नहीं हो सकी है। कृषि कार्य समय पर नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। यदि आगामी दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है। किसानों का कहना है कि समय पर बारिश होने से ही बुआई, रोपाई और आगे की फसल सुरक्षित रह पाएगी।



#### आषाढ़ से मौसम बदलने की उम्मीद

1 जुलाई से शुरू हो रहा आषाढ़ माह किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी माह में सामान्यतः मानसून सक्रिय होकर अच्छी वर्षा करता है और खेतों में बुआई का कार्य पूरे जोर-शोर से प्रारंभ होता है। इस बार भी किसानों को उम्मीद है कि आषाढ़ के आगमन के साथ मौसम करवट लेगा, तापमान में गिरावट आएगी और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। आषाढ़ माह 29 जुलाई तक रहेगा।

#### धार्मिक और मांगलिक आयोजनों से बढ़ेगी रौनक

आषाढ़ माह धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। इस दौरान जहां खेती-किसानी अपने चरम पर रहती है, वहीं धार्मिक आयोजनों की भी शुरुआत होती है। पंचांग के अनुसार जुलाई माह में 1, 2, 6, 7, 8 और 11 जुलाई को विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त हैं। इसी माह 16 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा, 23 जुलाई को देवशयनी एकादशी तथा 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) का पर्व मनाया जाएगा।

## फावड़े से सिर पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चौकी खण्डसरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी ने मजाक के दौरान हुए विवाद में युवक के सिर पर लोहे के फावड़े से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई थी।

■ मजाक के दौरान हुए विवाद ने लिया हिंसक रूप, घायल युवक का रायपुर में कराया गया उपचार

पुलिस के अनुसार ग्राम बेरा निवासी कोमल चन्द्राकर (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 जून 2026 की शाम करीब 5 बजे उन्हें विजय सेवैया ने मोबाइल पर सूचना दी कि उनके छोटे भाई टीकाराम का पुत्र देवा चन्द्राकर और गांव का दीपक चन्द्राकर डीह तालाब रोड स्थित ईंट भट्ठे के पास पहुंचे थे। दोनों के बीच मजाक चल रहा था, तभी दीपक चन्द्राकर ने गाली देने का



आरोप लगाते हुए अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर वहां रखा लोहे का फावड़ा उठाकर देवा चन्द्राकर के सिर पर वार कर दिया। हमले में देवा चन्द्राकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसे बेमेतरा के एसआरएस अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) एवं 351(3) ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पुलिस का सघन चेकिंग अभियान जारी, होटल ढाबों व सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार विजिबल पुलिसिंग, पैदल गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा अड्डेबाजी वाले इलाकों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप निरीक्षक सूरज प्रकाश, आरक्षक चुरावन पाल, शिव कुमार सेन, पुना सिंह सहित पेट्रोलिंग टीम एवं अन्य

■ संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और अड्डेबाजी करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर, नागरिकों से सहयोग की अपील

पुलिस बल ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व्यापक पैदल गश्त की। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, सुनसान क्षेत्रों, होटलों, ढाबों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकिंग की गई। पुलिस टीम ने इस दौरान जमावड़ा लगाकर नशा करने वाले, गुटबाजी एवं अड्डेबाजी करने वाले लोगों की जांच की। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और संदिग्ध वाहनों की डिक्की एवं अन्य हिस्सों की तलाशी लेकर उनकी जांच की गई। रात्रि के समय बिना किसी उचित कारण घूमने वाले लोगों से भी पूछताछ कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया।

पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा पार्क, मैदान, चौक-चौराहों और चार पहिया वाहनों में बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ भी लगातार वैधानिक कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी है। बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या आपराधिक गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि जनता के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।






# शिक्षा विभाग भवन असुरक्षितः जर्जर भवन और कबाड़ फायर सिस्टम के भरोसे चल रहा डीईओ कार्यालय








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की शिक्षा व्यवस्था की कमान संभालने वाला जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय आज स्वयं बदहाली का शिकार बना हुआ है। शिक्षा की नीतियां बनाने और हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े फैसले लेने वाला यह महत्वपूर्ण कार्यालय वर्षों से जर्जर भवन, अव्यवस्थित संसाधनों और लचर सुरक्षा व्यवस्था के बीच संचालित हो रहा है। हालत यह है कि करीब 70 अधिकारी-कर्मचारियों की जान ऐसे भवन में दांव पर लगी हुई है, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर के कचहरी रोड स्थित यह कार्यालय दशकों पुराने भवन में संचालित हो रहा है। भवन की दीवारों से लेकर विद्युत व्यवस्था तक जर्जर हो चुकी है, जबकि आगजनी जैसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि कार्यालय में लगे अग्निशामक सिलेंडर भी वर्षों पहले एक्सपायर हो चुके हैं, जिनके भरोसे पूरे विभाग की सुरक्षा छोड़ दी गई है।

**पांच दशक बीत गए, लेकिन शिक्षा विभाग को नहीं मिला अपना भवनः** बेमेतरा को वर्ष 1982 में तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के दौरान शैक्षणिक जिला घोषित किया गया था। तभी से जिला शिक्षा ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव

कार्यालय में न पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था है, न शुद्ध पेयजल की सुविधा और न ही कर्मचारियों व आम नागरिकों के लिए व्यवस्थित शौचालय उपलब्ध हैं। वर्षों पुराने भवन में सुविधाओं के अभाव के बावजूद पूरा शिक्षा विभाग मजबूरी में काम कर रहा है। **कभी भी हो सकता है बड़ा हादसाः** शिक्षा विभाग के इस मुख्यालय की बदहाल स्थिति को देखकर कर्मचारियों और आम लोगों में भी चिंता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नए भवन का निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में किसी दुर्घटना के बाद जिम्मेदारी तय करने से बेहतर होगा कि शासन और प्रशासन अभी से इस ओर पहल करने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### 65 दंपत्तियों को मिलेगा प्रोत्साहन राशि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 65 पात्र दम्पत्तियों को योजना का लाभ प्रदान करने हेतु स्वीकृति दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना नियम 1978 संशोधित 2019 के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन राशि के भुगतान से पूर्व सभी पात्र दम्पत्तियों से 10 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर राशि प्राप्ति संबंधी शपथ पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। सभी पात्र दम्पत्तियों से कहा गया है कि वे कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, दुर्ग कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत करें। आबंटन की उपलब्धता के अनुसार शपथ पत्र प्राप्ति के क्रम में प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाएगा।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**दुर्ग।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है।उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है। इसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### दुर्ग जिले में 81% बच्चों ने पिया पोलियो ड्राप

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस शनिवार को दुर्ग जिले में करीब 81 प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई।

# जनभागीदारी और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है मन की बात : विधायक

## विधायक चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं संग सुना मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधायक ललित चंद्राकर ने रविवार को धनोरा स्थित बूथ क्रमांक 199 में भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त मंच है। तुलसी पैलेस, धनोरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में हो रहे नवाचार,



जनभागीदारी और प्रेरणादायी कार्यों को सामने लाते हैं। इससे नागरिकों को समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री ने आगामी गणेशोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा स्थापित करने का आह्वान किया। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया। वर्षा जल संरक्षण पर बल देते हुए जल संचय को जन आंदोलन बनाने की अपील भी की गई। विधायक चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मेघालय के जीवित रूट ब्रिज का उल्लेख करते हुए प्रकृति और मानव के अद्भुत समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं असम की महिलाओं द्वारा दुर्लभ पक्षी हरगिला के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान को जनजागरूकता का प्रेरक उदाहरण बताया। कार्यक्रम में नागालैंड में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाली पहल, नालंदा विश्वविद्यालय और सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, तथा विदेशों में भारतीय संस्कृति के बढ़ते प्रभाव जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान जिला महामंत्री दिलीप साहू, किसान मोर्चा जिला प्रभारी बिलास तुषार, रोहित राजपूत, उपाध्यक्ष विनोद चंद्राकर, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, धनोरा सरपंच रुलेश्वरी बंजारे, पूर्व सरपंच चंद्रशेखर बंजारे, पार्षद संगीत रजक आदि उपस्थित थे।

## पांच महीने से नहीं मिला है पीडीएस वितरण से जुड़े कर्मियों को पैसा

# दुर्ग जिले के 514 पीडीएस दुकानों में राशन बांटने वालों को ही राशन के लाले, जिम्मेदार हैं खामोश

## 4.98 लाख हितग्राही परिवारों को राशन बांटने की निभाते आ रहे हैं जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लोगों तक राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले राशन दुकान संचालक, महिला स्व-सहायता समूह और सेल्समैन स्वयं आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। दुर्ग जिले की 514 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण कार्य से जुड़े लोगों को पिछले पांच माह से कमीशन का भुगतान नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानों में कार्यरत सेल्समैनों को भी मेहनताना नहीं मिल पाया है, जिससे उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

दुर्ग जिले में 4.98 लाख राशन कार्ड धारक हैं। इन कार्ड धारियों के 1693741 सदस्यों को राशन बांटा जाता है। राशन देने के लिए शासन ने अधिकांश स्थानों पर महिला स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी है। इन समूहों के सदस्य और दुकानों में नियुक्त सेल्समैन नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण, स्टॉक का रखरखाव, रिकॉर्ड संधारण तथा कार्ड धारियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर कमीशन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में राशन दुकानें

| ब्लॉक | राशन दुकान |
|---|---|
| दुर्ग | 92 |
| पाटन | 118 |
| धमधा | 96 |
| भिलाई तीन | 64 |
| उतई क्षेत्र- | 38 |
| ननि शहरी क्षेत्र- | 106 |
| कुल | - 514 |




### 183497 सदस्यों का ई-केवाईसी करवाने का जिम्मा

जिले में 1 लाख 83 हजार 497 राशनकार्ड सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। जिला खाद्य विभाग ने ई-केवाईसी के लिए राशन दुकान संचालकों को ही जिम्मेदारी सौंपी है। दुकान संचालन की गतिविधियों से जुड़े कर्मी ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले लोगों को फोन कर रहे हैं और उन्हे ई-केवाईसी करने के लिए प्रेरित कर विभाग का टारगेट पूरा करने में पूरी मदद कर रहे हैं। अपने दर्द को भुलाकर कर्मी करने में जुटे हुए हैं।

### कई दुकानों में वर्षों से लंबित है भुगतान

राशन दुकान संचालकों का कहना है कि केवल मासिक राशन वितरण का कमीशन ही नहीं, बल्कि वर्ष 2022 से पूरक पोषण आहार, आंगनबाड़ी केंद्रों को चावल वितरण, मध्याह्न भोजन योजना के लिए चावल वितरण तथा अमृत नमक वितरण से संबंधित कमीशन का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। ब्लॉक की लगभग एक दर्जन दुकानों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है, जहां वर्षों से विभिन्न मदों का भुगतान लंबित है।

### शासन का दबाव, लेकिन भुगतान पर ध्यान नहीं

दुकान संचालकों का कहना है कि शासन-प्रशासन की ओर से राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती। समय पर खाद्यान्न वितरण, स्टॉक का सही रखरखाव, ऑनलाइन एंट्री, कार्डधारियों की ई-केवाईसी, शिकायतों का निराकरण और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार दबाव रहता है। अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा और निरीक्षण भी किए जाते हैं। संचालकों का कहना है कि वे सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उनके मेहनताने और कमीशन के भुगतान को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इससे समूहों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और कई जगहों पर सेल्समैनों को भुगतान करना भी मुश्किल हो गया है।

### परिवार चलाना हो रहा मुश्किल

कमीशन नहीं मिलने के कारण कई राशन दुकान संचालकों और सेल्समैनों के सामने रोजमर्रा के खर्चों का संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि राशन दुकान से मिलने वाले कमीशन पर ही उनकी आजीविका निर्भर है। लगातार भुगतान लंबित रहने से कर्ज लेने की नौबत आ गई है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई के खर्च से लेकर परिवार चलाने में दिक्कतें आ रही हैं।

### भुगतान की मांग पर जिम्मेदार खामोश

राशन दुकान संचालकों, महिला स्व-सहायता समूहों और सेल्समैनों ने शासन से लंबित कमीशन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो राशन वितरण व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों और समूहों की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर लंबित भुगतान जारी कराने की मांग की है। लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने खामोशी अख्तियार कर रखी है।

### बजट आया है ट्रेजरी से होगा भुगतान

राज्य शासन से दुकान संचालकों व उनसे जुड़े कर्मियों के पैसे का भुगतान जल्द हो जाएगा। बजट आ गया है और उसे हमने ट्रेजरी में भेज दिया है। यहां से उनके खाते में भुगतान चला जाएगा।

**-अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी

# भिलाई-3 चरोदा में 9145 बच्चों को पिलाई गई दवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 चरोदा अंतर्गत डबरा पारा में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, पार्षद तुलसी धूव्र की उपस्थिति में हुआ। प्रथम दिन 9145 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई।

- डबरापारा में विधायक डोमनलाल ने किया शुभारंभ

जन प्रतिनिधियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में भी बच्चों को दवा पिलाई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और जिला आरएमएसीएच कंसल्टेंट डॉ. रश्मि भोसले ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आज जन्म लिए नवजात शिशुओं को पोलियों दवा पिलाकर पोलियों के नियमित टीकाकरण अभियान मे भी वैक्सीनेशन करने अपील की। प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, यूपीएचसी चरोदा ओर समस्त आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर पोलियों बूथ बनाए गए थे। बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि अभियान तीन दिन चलेगा। पीएचसी प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि कुल 10541 नवजात शिशुओं को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम दिन 9145 बच्चों ने दवा दी गई। इस दौरान पार्षद फिरोज फारूखी, पूर्व पार्षद व विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, रवि नाहर आदि मौजूद थे।

# भिलाई जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात, सांसद बघेल भी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला के प्रभारी रामजी भारती और भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन में वार्ड 18, बूथ क्रमांक 94 स्थित श्री शिव मंदिर परिसर, कॉन्ट्रैक्ट कॉलोनी में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड 17 के पार्षद और निगम में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर लगभग 500 नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक साथ कार्यक्रम का श्रवण कर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात किया।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक रिंकेश सेन, शिरीष अग्रवाल, बृजेश बिचपुरी, निहारिका मिश्रा, प्रमोद सिंह, महेश वर्मा, स्वीटी कौशिक, पूर्व महापौर निर्मला यादव आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोना की अनावश्यक खरीद में संयम बरतने, पुराने आभूषणों की रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने तथा विवाह और सामाजिक आयोजनों में जागरुकता अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की बचत के लिए वाहनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने का भी आह्वान किया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए भर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**दुर्ग।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2026-27 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर हेतु ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाएंगे।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन के लिए पोर्टल 20 जून से तथा नवीन आवेदनों के लिए 1 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। नवीनीकरण आवेदनों की अंतिम तिथि 30 जून तथा नवीन आवेदनों की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं स्वीकृति निर्धारित समयावधि में संस्थाओं एवं जिला स्तर पर किया जाएगा, ताकि छात्रवृत्ति राशि का वितरण जनवरी 2027 तक पूर्ण किया जा सके। योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालकों की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1 लाख रुपये निर्धारित है। आवेदन के लिए स्थायी जाति प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले वर्ष की अंकसूची एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होंगे। विद्यार्थी आवेदन करते समय अपने आधार सीडेड एवं सक्रिय बैंक खाते की जानकारी सही-सही दर्ज करें। छात्रवृत्ति राशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से ओटीआर वन टाईम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना आवश्यक है।

# पीएम आवास को यदि किराये पर दिया तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी एवं गोकुल नगर में एएचपी घटक के तहत निर्मित आवासों के आवंटन की प्रक्रिया की गई। आकर्षक एवं किफायती दरों पर

- 15 हितग्राहियों को लॉटरी से मिला अपना घर

निर्मित इन आवासों को लेकर नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। निगम द्वारा प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों के आधार पर लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से आवासों का आवंटन किया जा रहा है। इसी क्रम में गोकुल नगर के 1, सरस्वती नगर के 9 तथा मां कर्मा बोरसी के 5 आवासों के लिए प्राप्त कुल 15 आवेदनों का लॉटरी के



माध्यम से आवंटन किया गया।

महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सरिता चंद्राकर तथा कार्यपालन अभियंता सुश्री विनिता वर्मा की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न कर हितग्राहियों को आवास आवंटित किए। लॉटरी प्रक्रिया में प्रत्येक हितग्राही ने स्वयं पर्ची निकालकर अपने आवास का चयन किया। निगम प्रशासन ने बताया कि आवास की सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित मकानों में केवल पात्र हितग्राही ही निवास करेंगे। यदि कोई हितग्राही आवास को किराये पर देता हुआ पाया गया तो निगम द्वारा आवंटन निरस्त करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान दीपक संचेती, टिकेश्वर दास साहू सीएलटीसी, रामदास साहू सहायक ग्रेड-03 सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संवाद कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री यादव ने युवाओं से किया संवाद

# समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को सेवा सदन में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने युवाओं से संगठन को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने, शहर के विकास, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान युवाओं ने भी अपने विचार, सुझाव और अनुभव साझा किए।

- सेवा सदन दुर्ग में हुआ आयोजन

मंत्री यादव ने कहा कि युवा समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। संवाद के दौरान युवाओं के सुझावों, अपेक्षाओं एवं प्रश्नों को गंभीरता से सुना तथा सरकार के कार्यों, नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया।



### संगठन में भी भागीदारी निभाएं युवा

केबिनेट मंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन सरकार की जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही उन्होंने युवाओं से संगठन की मजबूती, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन तथा विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किये। उन्होंने कहा कि युवा और महिलाएं समाज में जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

# जिले में 4 विकास कार्यों के लिए 33 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले में जनहित के 4 विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 33 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसके तहत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा 28 लाख रूपए की लागत से 3 विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें सिविल लाइन दक्षिण जलाराम सांस्कृतिक भवन के पास भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए, वार्ड 52 गणपति विहार कॉलोनी माता कमला देवी उद्यान बोरसी पश्चिम में मंच निर्माण हेतु 10 लाख रूपए तथा पोटियाकला में शिवाजी मूर्ति के पास भवन निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार, जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम रूही में प्रतीक्षालय शेड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका क्रियान्वयन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा।



# सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण के खिलाफ अब बड़े जनांदोलन का ऐलान

## संयुक्त ट्रेड यूनियन की अहम बैठक में निर्णय, कहा- कार्पोरेट के हाथों सौंपने से हो जाएगा महंगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9अस्पताल को निजीकरण के खिलाफ व्यापक जनांदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जनता को जागरुक करने के लिए सोमवार से जनसंपर्क अभियान शुरु किया जाएगा। इस दौरान शहरवासियों को जनहित में इस अस्पताल का निजीकरण के खिलाफ आंदोलन में साथ देने की अपील की जाएगी।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों इंटक, एटक, ऐक्टू, सीटू, एचएमएस, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन की हुई महती बैठक में बीएसपी प्रबधन के निजीकरण के कदम को जनविरोध बताया गया। बैठक में

### जनता के स्वास्थ्य पर हमला

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने कहा कि बीएसपी के अस्पताल वर्षों से कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहा है। यदि इसका संचालन निजी या कॉरपोरेट हाथों में सौंपा गया तो इलाज महंगा होगा, कर्मचारियों और पेंशनरों की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावित होगी तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का चरित्र कमजोर पड़ेगा। यूनियनों ने अस्पताल के निजीकरण, लीज अथवा कॉरपोरेट प्रबंधन को सौंपने की किसी भी प्रक्रिया का



### 14 जुलाई को विशाल प्रदर्शन का आह्वान

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 जुलाई को सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य द्वार पर संयुक्त ट्रेड यूनियनों के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, उनके परिवारों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। यूनियनों ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे निजीकरण के खिलाफ इस संघर्ष का हिस्सा बनें और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा के लिए आगे आएं।

अस्पताल को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने के लिए व्यापक जनआंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

यूनियनों ने कहा कि यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य और जनहित की रक्षा का संघर्ष है। जनांदोलन को सफला बनाने विभिन्न विभागों, टाउनशिप, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बस्तियों तथा आम जनता के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पर्चे वितरित किए जाएंगे, सभाएं आयोजित होंगी तथा लोगों को अस्पताल के निजीकरण के संभावित दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आप ने उठाए सवाल, विधायक को गवाह बनाने व दस्तावेज पुलिस को सौंपने की मांग

**भिलाई।** बीएसपी लोहा चोरी मामले में आम आदमी पार्टी ने वैशाली नगर विधायक द्वारा किए जा रहे खुलासों को लेकर सरकार और पुलिस प्रशासन से बड़ी मांग की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा है कि विधायक यदि इस मामले को 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का महाघोटाला बता रहे हैं और उनके पास इससे जुड़े दस्तावेज हैं, तो उन दस्तावेजों को दुर्ग पुलिस को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जसप्रीत सिंह ने जारी बयान में कहा कि वैशाली नगर विधायक पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से बीएसपी लोहा चोरी मामले में लगातार नए खुलासे कर रहे हैं। विधायक द्वारा इस पूरे मामले को एक सुनियोजित और बड़े आर्थिक घोटाले के रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां मुख्यमंत्री को सौंपी हैं। आम आदमी पार्टी का कहना है कि जब दुर्ग पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, तब विधायक के पास मौजूद दस्तावेज और जानकारी जांच एजेंसी तक पहुंचना जरूरी है। इससे जांच को दिशा मिलेगी और मामले की सच्चाई सामने आने में मदद मिलेगी। पार्टी ने मांग की है कि विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए सभी दस्तावेजों की प्रतियां तत्काल दुर्ग पुलिस को उपलब्ध कराई जाएं। इसके अलावा विधायक को इस मामले में प्रमुख गवाह के रूप में शामिल कर उनके बयान दर्ज हो।

### महिला सशक्तिकरण और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प

# मष्टहा कुल परिषद महिला प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी, नमिता तिवारी बनीं संयोजिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मष्टहा कुल परिषद के महिला प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन 21 जून को संपन्न हुआ। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नवगठित टीम ने अध्यक्ष एवं संरक्षक की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कर समाजहित, महिला सशक्तिकरण और संगठन के विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक की शुरुआत महिला प्रकोष्ठ के गठन एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया से हुई। सर्वसम्मति से नमिता तिवारी को महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख (संयोजिका) की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि अलका तिवारी को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा विभिन्न पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपकर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका नमिता तिवारी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। इस दौरान महिला विंग की पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने, महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित




करने को लेकर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। बैठक को संबोधित करते हुए मष्टहा कुल परिषद के संरक्षक अविनाश तिवारी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने महिलाओं से संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए समाज के विकास और नई पीढ़ी के मार्गदर्शन में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। परिषद के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने नवगठित महिला प्रकोष्ठ की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समाजहित के कार्यों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में वित्त प्रकोष्ठ प्रमुख प्रदीप तिवारी ने संगठन के सुचारु संचालन, वित्तीय अनुशासन तथा सामाजिक गतिविधियों में अधिकाधिक सहभागिता की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने पारदर्शिता और सामूहिक सहयोग को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अमित तिवारी ने किया, जबकि अंत में धर्म तिवारी ने आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी माताओं, बहनों एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी में

### मार्गदर्शक मंडल पर ममता तिवारी, शारदा तिवारी, उमा तिवारी

एवं पदाधिकारीयों में प्रमुख (संयोजिका) नमिता तिवारी सह संयोजक, सविता तिवारी,सचिव, अलका तिवारी, सह संयोजक, सीमा तिवारी,सह संयोजक, अंजना तिवारी कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी तिवारी, संजू तिवारी, नीलिमा तिवारी, करुणा तिवारी, सुनीता तिवारी, मेघा तिवारी मीडिया प्रकोष्ठ लीना तिवारी, भारती तिवारी, गौतमी ग्रुप

प्रमुख चंद्रप्रभा तिवारी, कोषाध्यक्ष, विधि तिवारी बनाई गई बैठक का समापन समाज की एकजुटता, महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित महिला प्रकोष्ठ समाज के विकास और संगठन की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### रेल व स्ट्रक्चरल मिल में नया लैंडिंग प्लेटफॉर्म लोकार्पित

**भिलाई।** बीएसपी की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) में कार्यस्थल सुरक्षा और परिचालन सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बीसी बे, हॉट सॉ पल्पिट नं.-9 के समीप क्रेन ऑपरेटरों के लिए नए लैंडिंग प्लेटफॉर्म का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बीएसपी के सीजीएम तीर्थंकर दस्तिदार थे । जीएम महाप्रबंधक अरविंद टंडन, एनके खरे, प्रशांत खोंड, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, आरके राजधर, डीजीएम आरके पवार, विक्रम वर्मा, एजीएम (मैकेनिकल) आलोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। पूर्व में इस स्थान पर स्थापित लैंडिंग प्लेटफॉर्म क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी हो चुका था, जिसके कारण क्रेन तक सुरक्षित पहुंच संभव नहीं थी। क्रेन की बार-बार री-पोजिशनिंग करनी पड़ती थी।

# अनियंत्रित मिक्सर मशीन पलटी, चालक फंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अनियंत्रित होकर मिक्सर मशीन अचानक पलट जाने से चालक बुरी तरह वाहन में फंस गया था। सूचना पर उसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक थनोद रोड पर अनियंत्रित होकर पलटी मिक्सर मशीन सीजी 7 सीजेड 6051 में चालक गंभीर रूप से फंस गया था। जिसे चौकी अंजोरा पुलिस की टीम ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। चालक को सुरक्षित बाहर निकाल कर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की तुरंत मानवीय कार्यवाई की सराहना कर एसपी दुर्ग का रेस्क्यू टीम व सहयोगी की प्रशंसा किया। पुलिस टीम ने बिना विलंब किए ग्रामीणों, नागरिकों के सहयोग से राहत और बचाव कार्य शुरु प्रारंभ किया। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि सड़क हादसों अथवा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस एवं आपातकालीन सेवाओं को दें।

## गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



गांजा तस्करी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम घोटा पेट्रोल पम्प धमधा से ग्राम शिवकोकड़ी चौकी लिटिया बोरी निवासी मनीराम ठाकुर , भाठा कोकड़ी धमधा ढाल सिंह यादव को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 3.100 किलोग्राम गांजा, एक्टिवा सीजी 07 डीडी 0132, दो मोबाइल जब्त किया गया। दोनों आरोपी वाहन से ग्राहक की तलाश में खडे थे। पुलिस पूछताछ में बताया गया कि गांजा को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जब्त सामान की कीमत 2.40 लाख रुपए आंकी गई है।

# पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों को कम करने की मांग को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी की मांग को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की दुर्ग जिला सांगठनिक समिति द्वारा सेल परिवार चौक, सिविक सेंटर में प्रदर्शन किया गया।

ऊर्जा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट को देखते हुए माकपा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों में तत्काल कमी की जाए। साथ ही किसानों को उर्वरकों, विशेषकर यूरिया, की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी सरकार आवश्यक कदम उठाए। माकपा ने कहा कि आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने और उसका भार तेल विपणन कंपनियों को हस्तांतरित करने के बजाय, यदि सरकार को किसी राजस्व हानि की भरपाई करनी है तो वह प्रतिभूति लेनदेन कर, पूंजीगत लाभ कर तथा अन्य वित्तीय उपायों के माध्यम से संसाधन जुटा सकती है। शेयर बाजार में हाल के उतार-चढ़ाव को देखते हुए ऐसे कदम आवश्यक हैं। सामाजिक योजनाओं के लिए संसाधन जुटाने का बोझ आम जनता पर डालने के बजाय, बाजार में हेरफेर कर त्वरित लाभ कमाने वालों पर डाला जाना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा किजब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही थीं, तब सरकार और तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने में देर नहीं लगाई। लेकिन अब जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है।




### गैस सिलेंडर भी लगातार महंगा

ज्ञापन में बताया कि फरवरी 2026 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कई चरणों में वृद्धि की गई। मार्च में 50 -60 रुपए तथा जून में 29 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई। इससे घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत940 से 1013.50 रुपए तक पहुंच गई। वहीं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसका सीधा असर होटल, ढाबों तथा छोटे व्यवसायों पर पड़ा। परिवहन महंगा होने के कारण आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक स्तर पर लागत बढ़ जाती है, जिससे महंगाई केवल अनुपातिक रूप से नहीं बल्कि कई गुना प्रभाव के साथ बढ़ती है। इसका परिणाम खाद्य पदार्थों, रसोई के खर्च तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के रूप में सामने आता है।

# घटिया निर्माण और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा पांच करोड़ का स्वीमिंग पूल

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम शहर के विकास और सुविधा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों द्वारा इस पर ध्यान नहीं देने से ये पैसे बर्बाद हो रहे हैं। ताजा उदाहरण भिलाई निगम द्वारा प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 4.93 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा स्वीमिंग पूल है। निगम ने इस पूल को बनाने के लिए अनुभवी एजेंसी हायर की थी। कई बार टेंडर रद्द होने के बाद अनुभवी एजेंसी के नाम पर दूसरे ठेकेदार ने काम तो लिया, लेकिन हकीकत यह है कि उनके पास अब तक स्वीमिंग पूल बनाने का कोई अनुभव नहीं है। इसका खामियाजा यह दिख रहा है कि एक स्वीमिंग पूल की दिशा गलत हो गई है, साथ ही जो बेस बनाया गया है वो अभी से क्रैक हो रहा है। इस घटिया बेस ढलाई के साथ निगम इस पूल में कैसे नेशनल और बड़े आयोजन करेगा यह समझ से परे है। वर्तामान स्थिति की बात करें तो ठेकेदार ने पूल की खुदाई कर डाली है और नीचे का बेस ढलाई का कार्य भी हो गया है। बेस ढलाई हुए अभी कुछ दिन ही हुए हैं कि उसमें दरारें दिखने लगी हैं। जहां स्वीमिंग पूल बन रहा है वहां काली मिट्टी है, इसलिए पहले बेस का ट्रीटमेंट किया जाना जरूरी थी वह नहीं किया गया। निगम के इंजीनियर भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। निगम के नेता प्रतिपक्ष भेजराज सिन्हा का कहना है कि राज्य सरकार दुर्ग भिलाई सहित पूरे राज्य में विकास के लिए संवेदनशील है, लेकिन अधिकारी सरकार के द्वारा दिए जा रहे पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### फावड़े से सिर पर हमला ...

के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने हत्या करने की नीयत से सिर पर फावड़े से हमला किया था। इसके बाद प्रकरण में बीएनएस की धारा 109(1) भी जोड़ी गई। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोपी दीपक चन्द्राकर (27), पिता दौवाराम चन्द्राकर, निवासी ग्राम बेरा, चौकी खण्डसरा को 29 जून 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कंवल नेताम, प्रधान आरक्षक खेमू वर्मा, आरक्षक ऐश्वर्य सिन्हा, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, सुरेश कुमार नारंगे, शशांक शर्मा सहित चौकी खण्डसरा के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शिक्षा विभाग भवन असुरक्षितः जर्जर ...

अधिकारी कार्यालय का संचालन यहां शहर में हो रहा है। वर्ष 2012 में बेमेतरा जिला बनने के बाद एक पुराने हाईस्कूल भवन को अस्थायी रूप से कार्यालय के लिए अधिग्रहित किया गया था। तब से लेकर आज तक यही भवन शिक्षा विभाग का मुख्यालय बना हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि पांच दशकों के लंबे सफर में जिले के अनेक विभागों के नए भवन बन गए, लेकिन शिक्षा जैसे सबसे महत्वपूर्ण विभाग के लिए आज तक स्थायी और सुरक्षित भवन की स्वीकृति तक नहीं मिल सकी। यह शासन और प्रशासन की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़े करता है।

**18 कमरों में सिमटा पूरा विभाग, जगह-जगह अव्यवस्थाः** करीब 18 कमरों वाले इस पुराने भवन में पार्टीशन कर जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, संस्कृत विभाग, उर्दू विभाग, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस तथा खेलकूद सहित कई शाखाओं का संचालन किया जा रहा है। सीमित जगह के कारण कार्यालय पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आता है। कर्मचारियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। कार्यालय में आने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**बिजली के तार बने खतरे की घंटीः** भवन में आधुनिक विद्युत व्यवस्था का अभाव है। अधिकांश स्थानों पर खुले बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है। अंडरग्राउंड वायरिंग नहीं होने के कारण शॉर्ट सर्किट की आशंका हमेशा बनी रहती है। यदि किसी दिन विद्युत दुर्घटना हुई तो यह पूरे भवन को अपनी चपेट में ले सकती है।

**फायर सेफ्टी सिर्फ नाम की, एक्सपायर्ड सिलेंडरों के भरोसे सुरक्षाः**कार्यालय की सबसे बड़ी लापरवाही अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सामने आई है। प्रतिदिन लगभग 70 अधिकारी- कर्मचारी और चारों विकासखंडों से आने वाले सैकड़ों शिक्षक, विद्यार्थी व पालक यहां पहुंचते हैं, लेकिन पूरे परिसर में केवल दो स्थानों पर अग्निशामक सिलेंडर लगे हुए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये दोनों सिलेंडर भी वर्षों पहले एक्सपायर हो चुके हैं। ऐसे में यदि आग लगने जैसी कोई घटना होती है तो इन सिलेंडरों से किसी प्रकार की मदद मिलने की संभावना बेहद कम है।

समक्षः- नोटरी, सिविल जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**॥ शपथ पत्र ॥**

मैं श्री रूपेश कुमार गिलड़ा उम्र लगभग 38 वर्ष पिता श्री रानीदान गिलड़ा पता दुर्ग रोड बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का हूं। जो निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ :-

यह कि मेरे द्वारा मौजा मटका प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. व तह. बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित ख.नं. 222/2, 226 रकबा 0.33, 0.23 हे. भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता राजबीर सिंह पिता श्री देवराज सिंह से दिनांक 29.07.2025 को प्राप्त किया है।

यह कि मुझे विक्रेता श्री राजबीर सिंह पिता श्री देवराज सिंह ने मौजा मटका प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. व तह. बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित ख.नं. 222/2, 226 रकबा 0.33, 0.23 हे. भूमि को दिनांक 12.01.2007 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से श्री महाबीर पिता श्री रूपचंद एवं भगवान पिता श्री फत्ते सिंह से क्रय किया था, जिसका ग्रंथ क्र. 6622 द.क्र. 3036 है।

उपरोक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र की मूल प्रति विक्रेता द्वारा मुझे प्रदान की गयी थी जो गुम हो गयी है जिसे मेरे द्वारा खोज किए जाने पर भी मूल प्रति मुझे नही मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 12.01.2007 की मूल प्रति मिलने की संभावना नहीं है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति की किसी भी अंश के संबंध में कोई व्यवहार वाद सिविल प्रकरण अपना अथवा स्वत्व हस्तांतरण संबंधी प्रकरण किसी भी न्यायालय में लंबित नही है। यह संपत्ति हर प्रकार के विवादों से मुक्त है। जिसका एकमात्र स्वामी एवं आधिपत्यधारी मै ही हूं। शपथकर्ता

**॥ सत्यापन ॥**

मैं श्री रूपेश कुमार गिलड़ा उम्र लगभग 38 वर्ष पिता श्री रानीदान गिलड़ा पता दुर्ग रोड बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 30.06.2026 को बेमेतरा में पढ़कर, समझकर व सही होना जानकर हस्ताक्षरित कर सत्यापित करता हूँ। रूपेश गिलड़ा सत्यापनकर्ता

समक्षः- नोटरी, सिविल जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**॥ शपथ पत्र ॥**

मैं श्रीमती ज्योति देवी उम्र लगभग 52 वर्ष पति श्री अमरचंद गिलड़ा पता दुर्ग बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का हूं। जो निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ :-

यह कि मेरे द्वारा मौजा कोबिया प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. कोबिया, तह. व जिला बेमेतरा (छ. ग.) में स्थित ख.नं. 2100, 2106, 2108, 2109/1 रकबा क्रमशः 0.170, 0.049, 0.032, 0.049 हे. भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता श्रीमती हवाबाई पति श्री रहीम भाई से दिनांक 27.08.2011 को प्राप्त की हूं। यह कि मुझे विक्रेता श्रीमती हवाबाई पति श्री रहीम भाई ने मौजा कोबिया प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. कोबिया, तह. एवं जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित ख.नं. 2100, 2106, 2108, 2109/1 रकबा क्रमशः 0.170, 0.049, 0.032, 0.049 हे. भूमि को दिनांक 20.10.2008 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से श्री देवचरण पिता श्री सियाराम से क्रय किया था, जिसका ग्रंथ क्र. 6922 द.क्र. 1922 है। उपरोक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र की मूल प्रति विक्रेता द्वारा मुझे प्रदान की गयी थी जो गुम हो गयी है जिसे मेरे द्वारा खोज किए जाने पर भी मूल प्रति मुझे नहीं मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 12.01.2007 जिसका ग्रंथ क्र. 6922 द.क्र. 1922 की मूल प्रति मिलने की संभावना नहीं है। यह कि उपरोक्त संपत्ति की किसी भी अंश के संबंध में कोई व्यवहार वाद सिविल प्रकरण अपना अथवा स्वत्व हस्तांतरण संबंधी प्रकरण किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है। यह संपत्ति हर प्रकार के विवादों से मुक्त है। जिसका एकमात्र स्वामी एवं आधिपत्यधारी मैं ही हूं। शपथकर्ती

**॥ सत्यापन ॥**

मैं श्री रूपेश कुमार गिलड़ा उम्र लगभग 38 वर्ष पिता श्री रानीदान गिलड़ा पता दुर्ग रोड़ बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) सत्यापित करती हूं कि उक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 30.06.2026 को बेमेतरा में पढ़कर, समझकर व सही होना जानकर हस्ताक्षरित कर सत्यापित करती हूँ। ज्योति गिलड़ा सत्यापनकर्ती

# महिला राजमिस्त्री बनकर गढ़ रहीं अपने सपनों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में ग्राम बठेना, जनपद पंचायत पाटन में प्रेरणादायक पहल की जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, दुर्ग द्वारा संचालित 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। ग्राम बठेना में आयोजित इस प्रशिक्षण में 35 महिलाएं भाग ले रही हैं। यह प्रशिक्षण केवल भवन निर्माण की तकनीक सिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह भी दिखा रहा है। जो महिलाएं कभी निर्माण कार्य को पुरुषों का क्षेत्र मानती थीं, वे आज राजमिस्त्री बनने का प्रशिक्षण लेकर अपने सपनों को नई उड़ान दे रही हैं।




खबर संक्षेप

## काशी विद्वत परिषद ने पं. आशीष तिवारी को बनाया छत्तीसगढ़ प्रांत प्रमुख



**बेमेतरा।** सनातन संस्कृति और विद्या की प्रतिष्ठित संस्था काशी विद्वत परिषद ने बेमेतरा निवासी पं. आशीष तिवारी को छत्तीसगढ़ प्रांत प्रमुख नियुक्त किया है। यह नियुक्ति परिषद की गौरवशाली परंपरा के तहत की गई है। इस घोषणा के बाद नगर के प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल है। पं. आशीष तिवारी की नियुक्ति पर आचार्य भिषज शुक्ला, सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, प्रदीप दुबे, भावेश पांडे, चंद्रिका शर्मा, अखिलेश तिवारी, पं. नितेश शास्त्री, नगरपालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, चंदन नायक, सोनू साहू, जैनेंद्र सिंह, सूर्यकांत नायक, प्रेमलाल साहू, संजीव तिवारी, दिनेश दुबे, पं. राम मिश्रा, डॉ. नीलेश तिवारी, आचार्य रवीन्द्र शर्मा, पं. धनंजय प्रसाद शर्मा, पं. मनोज शर्मा, चंद्रशेखर राजपूत, मुकेश देवांगन, पद्मराज भुवाल, टीपसिंह टंडन, कान्हा मिश्रा, रवि शर्मा, दिनेश जोशी, आदित्य सिंह, राजा साहू, अश्वनी मणिपुरी, राहुल अग्रवाल, राकेश दयानी, डॉ. सुनील तिवारी, संदीप पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। परिषद के अध्यक्ष प्रो. हरिनारायण तिवारी तथा महामंत्री राजेश्वराचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि पं. आशीष तिवारी छत्तीसगढ़ में काशी की ज्ञान-परंपरा, सनातन मूल्यों और विद्वत मर्यादाओं का निष्ठापूर्वक संवर्धन करेंगे। वहीं पं. आशीष तिवारी ने इस दायित्व को ईश्वर एवं गुरुजनों की कृपा का प्रतिफल बताते हुए पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया।

## जुए के फड़ में पुलिस की दबिश, 8 जुआरी गिरफ्तार



**भिलाई।** जुए के बड़े फड़ में पुलिस ने दबिश देकर आठ जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 27 जून की रात कती भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बड़कू दाऊ की बाड़ी स्थित मकान में जुआ चल रहा था। दबिश देकर मकान से सिरसा कला भिलाई 3 निवासी तुंगत चंद्राकर, शिवम वर्मा, गुड़ी परछी, सिरसा कला केवल चंद्राकर, हनुमान मंदिर के पास, सिरसा कला प्रवीण देवांगन, पाटन पुल के पास उतई ताकेश्वर साहू, विश्व बैंक कालोनी भिलाई तीन चिराग चंद्राकर, गायत्री मंदिर के पास, सिरसा कला, प्रकाश चंद्राकर, गांधी चौक उतई कुल्लू साहू को पकड़ा गया। जुआरियों से नगद 1.82 लाख 670 रुपए, 8 मोबाइल, तीन बाईक जब्त किया गया है। जब्त सामानों की कीमत 5.20 लाख रुपए आंकी गई है। यहां जुआ लंबे समय से चल रहा था। पुलिस इन पर पैनी नजर रखी हुई थी। सूचना मिलते ही रात को पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई किया है। मामले को लेकर पुलिस ने जुआ का कारोबार में और कौन-कौन शामिल है।

### नवा कलम प्रतियोगिता, तीन पुस्तकों का लोकार्पण, थाथी सम्मान और काव्य गोष्ठी रहे मुख्य आकर्षण

# बछर तिहार 2026 में सजा छत्तीसगढ़ी साहित्य और संस्कृति का भव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आरूग चौरा छत्तीसगढ़ी काव्य कला मंच के तत्वावधान में स्थानीय पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित 'बछर तिहार–2026' साहित्य, संस्कृति और सृजन का भव्य उत्सव बनकर सामने आया। दिनभर चले इस आयोजन में नवा कलम प्रतियोगिता, पुस्तक लोकार्पण, थाथी सम्मान, साहित्यकार सम्मान तथा भव्य काव्य गोष्ठी जैसे विविध कार्यक्रमों ने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति के प्रति लोगों की गहरी आस्था और जुड़ाव को नई ऊर्जा प्रदान की।

■ विधायक दीपेश साहू हुए शामिल, कहा– मातृभाषा और साहित्य हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए साहित्यकारों, कवियों, रचनाकारों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और साहित्यप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पी.सी. लाल यादव ने की, जबकि तहसील साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष रोहित साहू एवं समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन हरीश पटेल ने साहित्यिक गरिमा के अनुरूप किया। प्रथम सत्र का प्रमुख आकर्षण 'नवा कलम प्रतियोगिता' रही, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ी भाषा में मौलिक लेखन को प्रोत्साहित करना तथा नवोदित रचनाकारों को मंच प्रदान करना था। चयनित दस प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक छत्तीसगढ़ी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। निर्णायक मंडल में डॉ. पी.सी. लाल यादव, रामकुमार साहू, सोम प्रभा नूर, मनोज बक्शी एवं पोखनलाल जायसवाल शामिल रहे। निर्णायकों के मूल्यांकन के आधार पर राजीव मधुकर (बेमेतरा) ने प्रथम, गायत्री श्रीवास (सिंघनगढ़) ने द्वितीय तथा दिव्यांशु वर्मा (उघरा, बेमेतरा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त राजीव मधुकर को 'नवा कलम सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया, जबकि अन्य विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को सम्मान-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू रहे। कार्यक्रम में आरूग चौरा के संस्थापक ईश्वर साहू 'आरूग' ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था की साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष पुष्पलता ईश्वर साहू की गरिमामयी उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी साहित्य की तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों 'ठोमहा भर मोती', 'पंचतंत्र के मणि' (मनोज पाटिल 'मणि') तथा 'गीत बंधी' (ईश्वर साहू 'बंधी') का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। पुस्तकों की समीक्षा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि साहित्य समाज की चेतना, संस्कृति और अनुभवों का जीवंत दस्तावेज होता है तथा ऐसी कृतियां आने वाली पीढ़ियों के लिए धरोहर सिद्ध होंगी। इस अवसर पर लोक संस्कृति एवं सामाजिक योगदान के लिए मंगत रविन्द्र को 'छत्तीसगढ़ के थाथी सम्मान' से अलंकृत किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं, चयनित प्रतिभागियों तथा निर्णायक मंडल का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि मातृभाषा के संरक्षण एवं साहित्य के विकास के लिए ऐसे आयोजनों की आज अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने आरूग चौरा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. वीणा त्रिपाठी, विजय सिन्हा एवं नारद साहू ने भी अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बेमेतरा में इस स्तर का साहित्यिक आयोजन पहली बार देखने को मिला है और इसके लिए आरूग चौरा बधाई का पात्र है। कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम सत्र में वरिष्ठ शायर जनाब मीर अली मीर की अध्यक्षता में भव्य काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य पहुना के रूप में संजय शर्मा 'कबीर', रामानंद त्रिपाठी, मोहित राम वर्मा तथा वार्ड क्रमांक-14 के पार्षद तोकेश्वर साहू उपस्थित रहे।

## श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया संत कबीर दास प्राकट्य उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

नगर के तहसील कार्यालय परिसर में सोमवार को कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा संत कबीर दास प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से देर शाम तक गुरु महिमा पाठ, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु महिमा पाठ के साथ हुआ। इसके पश्चात ध्वज-निशान चढ़ाया गया तथा संत कबीर साहेब के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राम सेवा सत्संग मानव समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, आध्यात्मिक जागरूकता और मानवता के मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास की जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने का अवसर है। कबीर साहेब ने धर्म, जाति और कर्मकांड की संकीर्ण दीवारों को तोड़ते हुए मानवता को सर्वोपरि बताया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में सनत रजक, युवा प्रतिनिधि कबीर पंथ, कमलेश निर्मलकर, जितेंद्र मानिकपुरी, पूर्णिमा पटेल, लोचन मानिकपुरी, राधेश्याम निर्मलकर, सूरज मानिकपुरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पंडित दिनेश तिवारी, ओमपाल ऋषि तिवारी, भैयाराम लहरे, पार्षदगण सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## सद्गुरु कबीर साहब के 628वें प्राकट्य महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा से कबीरमय हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय बेमेतरा में सद्गुरु कबीर साहब का 628वां प्राकट्य महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। महिला नवोदय महासभा (मनम) एवं एसकेडीवी मिशन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिलेभर से हजारों की संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला प्रतिनिधि कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की पूजनीय दीदी साहिबा श्रीमती किरण गोस्वामी मालापुरे के सानिध्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत कबीर आश्रम में प्रातः गुरु महिमा पाठ, सात्विक आनंदी चौका आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुई। इसके बाद दोपहर में कबीर आश्रम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 500 कलशों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों से होकर पुनः कबीर आश्रम पहुंची। इस दौरान साहेब बंदगी के जयघोष से पूरा शहर कबीरमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर नाचते-झूमते नजर आए। सभा को संबोधित करते हुए किरण गोस्वामी मालापुरे ने सद्गुरु कबीर साहब के समानता, समरसता, प्रेम और सद्भाव के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं के सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर एसकेडीवी मिशन बेमेतरा द्वारा हायर सेकेंडरी परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा जिला बेमेतरा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया।

आयोजन के दौरान सुबह 10 बजे से देर रात तक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में एसकेडीवी मिशन के राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों सहित कोठारी, भंडारी, महंत, कड़िहार तथा जिलेभर के कबीरपंथ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## गौरमाटी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 140 बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत थानखम्हरिया समीपस्थ ग्राम गौरमाटी के उप स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने हेतु पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि बिजेश्वर साहू द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ धनेश्वरी साहू तथा आरएचओ जानकी साहू ने अभियान का सफल संचालन किया।

ग्राम कोटवार कुशाल दास मानिकपुरी ने भी अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अभियान के दौरान ग्राम गौरमाटी में 140 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य अमले ने सभी अभिभावकों से अपील की, कि वे अपनी 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाए ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। इस अवसर पर जनपद सदस्य कुलदीप मार्कंडेय वार्ड क्रमांक 9 की पंच धनेश्वरी साहू मितानिन गीता मार्कंडेय एवं उषा साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### अग्रवाल सम्मेलन ने नन्हें बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा



**थानखम्हरिया।** भारत सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर पंचायत थानखम्हरिया में पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान के अंतर्गत नगर के चार निर्धारित केंद्रों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। इस अभियान में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, डॉ. स्वदेश जायसवाल एवं आशीष बंसल ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। इस दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएँ, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानखम्हरिया के निर्देशन में किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से नगर पंचायत के चारों केंद्रों पर अभियान सुचारु रूप से संचालित हुआ। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोलियो बीमारी का देश से पूर्णतः उन्मूलन करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अगले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएँगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यह जीवनरक्षक खुराक अवश्य दिलाएँ और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाता रहा है तथा आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े अभियानों में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता रहेगा।

### ट्रेनों के लिए हैवी-ड्यूटी वेल्डिंग प्लांट, भिलाई में होगा रख-रखाव

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल परिवहन को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने उपलब्धियां हासिल की है। सिगनल एवं दूरसंचार प्रोजेक्ट यूनिट ने राइट्स के सहयोग से भिलाई एक्सचेंज यार्ड में बड़े सिगनलिंग एवं आधारभूत संरचना उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया है। परियोजना के तहत यार्ड में दो नई लाइनें शुरू की गई है। दो अन्य लाइनों को इंटरलॉक किया गया है। आधुनिक सिगनलिंग प्रणाली, ओवरहेड ओएचई से पूर्णतः बेहतर किया गया है। भिलाई एक्सचेंज यार्ड दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सबसे बड़ा एवं व्यस्त माल यार्डों में से एक है। जहां 544 रूट्स के विशाल नेटवर्क का संचालन होता है।

## अकलवारा में 2 जुलाई को मनाया जाएगा शीतला माता का जुड़वास, कलश यात्रा से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा के ग्राम अकलवारा में गुरुवार, 2 जुलाई को शीतला माता जुड़वास पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

शीतला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में कलश यात्रा, पूजा-अर्चना, हवन, जस झांकी तथा भजन-कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। ग्राम के ध्रुव साहू ने बताया कि सुबह 8 बजे जय मां महामाया जस झांकी परिवार, राजा मोहगांव के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 10 बजे शीतला माता की प्रतिमा का गंगाजल एवं दूध से अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा। पूजा-अर्चना, शांति पाठ और हवन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, बेहतर फसल और रोगमुक्त जीवन की कामना की जाएगी।

दोपहर 3 बजे माटी के महिमा जस झांकी परिवार, दुर्ग की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। इस दौरान सुप्रसिद्ध लोकगायक कुलेश्वर ताम्रकार एवं ममता देशमुख जसगीतों के माध्यम से शीतला माता की महिमा का गुणगान करेंगे। ध्रुव साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की



ग्रामीण संस्कृति में शीतला माता को ग्राम की आरोग्य एवं रक्षा की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। आषाढ़ माह में मनाया जाने वाला जुड़वास पर्व स्वास्थ्य, प्रकृति संरक्षण और मौसम परिवर्तन से जुड़ी लोक परंपरा का प्रतीक है। मान्यता है कि माता की कृपा से चेचक, त्वचा रोगों तथा मौसमी बीमारियों से रक्षा होती है। इस अवसर पर नीम की पत्तियों के रस का छिड़काव कर वातावरण को शुद्ध करने की परंपरा भी निभाई जाती है।

उन्होंने बताया कि वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में पूरा गांव एकजुट होकर माता की पूजा करता है और देश-प्रदेश की उन्नति, महामारी से सुरक्षा, अच्छी वर्षा तथा समृद्ध फसल की प्रार्थना करता है। यह पर्व ग्रामीण एकता, आस्था और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। आयोजन को सफल बनाने में शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं समस्त ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग रहेगा।

### नदी किनारों पर नियमों को ताक पर रखकर चल रहे भट्टे, पर्यावरण और राजस्व दोनों को नुकसान

# प्रतिबंध के बावजूद जिले में धधक रहे लाल ईंट के अवैध भट्टे, जिम्मेदारों की चुप्पी से फल-फूल रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में प्रतिबंधित लाल ईंट के भट्ठों का अवैध कारोबार प्रशासनिक निगरानी और सरकारी दावों को खुली चुनौती देता नजर आ रहा है। जिले के चारों विकासखंडों और सभी नौ तहसीलों में बड़ी संख्या में लाल ईंट के भट्ठे नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक प्रभावी कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। गर्मी के सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर ईंटों का उत्पादन करने वाले संचालकों ने बारिश शुरू होने के बाद भी लाखों ईंटों का स्टॉक जमा कर रखा है। इसके बावजूद खनिज विभाग की ओर से न तो व्यापक जांच अभियान चलाया गया और न ही अवैध संचालन पर कोई कठोर कार्रवाई देखने को मिली। जब भी विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में सवाल किया जाता है, तो वे स्टाफ की कमी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। जिले में शिवनाथ, हॉफ, सुरही, सकरी, लोर, खारुन सहित अन्य स्थानीय नदियों के किनारों पर बड़ी संख्या में लाल ईंट के भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इन भट्ठों के लिए नदियों के तटीय क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे नदी तटों का कटाव बढ़ रहा है। वहीं भट्ठों से निकलने वाला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरणीय नुकसान के साथ-साथ शासन को लाखों रुपये के राजस्व की भी क्षति हो रही है। इस पूरे मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि अवैध ईंट भट्ठों का संचालन केवल दूर-दराज के गांवों तक सीमित नहीं है। जिले के कई नगरीय क्षेत्रों और मुख्य मार्गों के किनारे भी खुलेआम भट्ठे संचालित हो रहे हैं। कई स्थानों पर एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत, नगर पालिका और अन्य प्रशासनिक कार्यालयों के आसपास ही धुआं उगलते भट्ठे देखे जा सकते हैं। इन कार्यालयों में प्रतिदिन अधिकारियों और कर्मचारियों का आना-जाना होता है, लेकिन इसके बावजूद अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो एक दिन के अभियान में अधिकांश अवैध भट्ठों पर कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी से ईंट माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। **जनता झेल रही प्रदूषण, माफिया कमा रहे मुनाफाः** अवैध भट्ठों से निकलने वाला धुआं आसपास के गांवों और आबादी वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। वहीं नदी किनारों से मिट्टी के लगातार दोहन से प्राकृतिक संसाधनों को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में पर्यावरणीय क्षति और अधिक गंभीर रूप ले सकती है।

### कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

जिले में प्रतिबंध के बावजूद वर्षों से चल रहे इस अवैध कारोबार ने खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के प्रति गंभीर है तो स्टाफ की कमी का बहाना छोड़कर संयुक्त अभियान चलाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल जिम्मेदार विभाग की निष्क्रियता के चलते जिले में लाल ईंट के अवैध भट्ठों का कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है।






